सोनागिर मंदिर मूर्ति चोरी का खुलासा, अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। जिले के प्रसिद्ध जैन तीर्थ सोनागिर मंदिर में हुई भगवान चंद्र प्रभु की चांदी की मूर्ति चोरी के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। करीब 25 लाख रुपये मूल्य की इस चोरी में शामिल अंतरराज्यीय शातिर चोर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरी गया पूरा सामान भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 4-5 अप्रैल की दरमियानी रात सोनागिर मंदिर से भगवान चंद्र प्रभु की चांदी की मूर्ति, सिंहासन सहित अन्य कीमती धार्मिक सामग्री चोरी हो गई थी। घटना के बाद जैन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया था और पूरे क्षेत्र में इस वारदात को लेकर चिंता का

माहौल बन गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में दतिया पुलिस ने विशेष टीम गठित की। आईजी और डीआईजी स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की गई तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें मुख्य आरोपी विशाल विश्वकर्मा शामिल है। वह अंतरराज्यीय स्तर का शातिर चोर है और 100 से अधिक मूर्ति चोरी की वारदातों में संलिप्त रहा है। इसके अलावा दो स्थानीय आरोपी दिलीप दांगी और गुलाब अहिरवार को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भगवान चंद्र प्रभु की चांदी की मूर्ति, चांदी का सिंहासन एवं अन्य धार्मिक सामग्री बरामद की है, जिसकी कुल कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि तकनीकी और मैन्युअल जांच के समन्वय से टीम ने आरोपियों तक पहुंच बनाई और उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिससे अन्य वारदातों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। मामले के खुलासे के बाद जैन समाज ने राहत की सांस ली है और पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है।

छोटे शहरों की बेटियां अब रच रही हैं इतिहास : अमित अग्रवाल

दतिया की बेटी राधा यादव ने जीता गोल्ड, राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जिले का मान

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। दतिया की होनहार बेटी राधा यादव ने राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर जिले सहित पूरे मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर शहर में खुशी और गर्व का माहौल है।

इस अवसर पर दतिया के वरिष्ठ समाजसेवी अमित अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राधा यादव की सफलता यह दर्शाती है कि यदि प्रतिभा और हौसले मजबूत हों, तो छोटे शहरों से भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है। ज्ञात हो कि अमित अग्रवाल पहले भी राधा यादव के सपनों को साकार करने में सहयोग कर चुके हैं और एक अभिभावक की तरह उनके 'पंख' बनकर आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई है। उनके इसी सहयोग और समाजसेवा के लिए उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि आज राधा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को देखकर उन्हें बेहद गर्व और खुशी हो रही है। उन्होंने राधा यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि वे आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहें। अमित अग्रवाल ने यह भी कहा कि अब दतिया की पहचान उसकी प्रतिभाशाली बेटियों से बन रही है और राधा यादव की यह सफलता आने वाले समय के लिए एक नई शुरुआत साबित होगी।

दतिया शहर कांग्रेस कमेटी ने रेले रोकने ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। आज शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में दतिया रेलवे स्टेशन पर जनहित में डी आर एम झांसी के नाम स्टेशन प्रबंधक आर सी दांगी के माध्यम से निम्न रेलगाड़ियां रोकने हेतु ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में मांग की गई कि दतिया एक ऐतिहासिक पुरातात्विक सांस्कृतिक धार्मिक महत्व का शहर है प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थियों यात्रियों का आवागमन है सुविधा की दृष्टि को ध्यान रखते हुए रेलवे स्टेशन पर शताब्दी एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, पातालकोट एक्सप्रेस आदि ट्रैनों को प्राथमिकता के आधार पर रोकने की मांग की जिसमें, शहर

अध्यक्ष अजय शुक्ला पूर्व जिला संगठन मंत्री सुरेश झा, डॉ राकेश खरे, विवेक रायकवार आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

तहसीलदार, टी आई शीघ्र कार्यवाही कर दोषियों को दंडित करायें : विधायक

प्राचीन भैरव मंदिर उचाड़ में स्थापित भगवान की मूर्तियां खंडित हो जाने पर सेंवढा विधायक पहुंचे मंदिर पर

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। दतिया जिले की गोराघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उचाढ के प्राचीन भैरवनाथ मंदिर में आसामाजिक तत्वों द्वारा भैरव नाथ, शिव, गणेश, और हनुमान जी की मूर्तियों को खंडित करने की घटना सामने आई है। इस घटना की जानकारी मिलने पर विधायक प्रदीप अग्रवाल गोराघाट पुलिस मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बताया गया कि सेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की तहसील इंदरगढ़ की ग्राम उच्चारण में प्राचीन भैरव मंदिर की मूर्तियों को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से 28 अप्रैल को खंडित कर दिया गया, यहां गणेश भगवान की मूर्ति, शंकर भगवान की मूर्ति, एवं हनुमान जी की मूर्ति को एवं 1000 वर्ष पुरानी भैरवनाथ की मूर्ति को खंडित किया गया है, जैसे ही क्षेत्रीय विधायक प्रदीप अग्रवाल को इसकी सूचना मिली सूचना मिलते ही उन्होंने एस डी एम, तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन से दूरभाष पर चर्चा कर तत्काल उन्हें मंदिर पहुंचने की निर्देश दिए और पूरे प्रशासन के साथ विधायक श्री अग्रवाल ने मंदिर पहुंचकर मंदिर का मुआयना किया।

श्री अग्रवाल ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि अब लोगों की मानसिकता इतनी खराब हो चुकी है कि हमारे देवी देवताओं की मूर्तियों को खंडित करने का वो साहस करने लगे हैं , उन्होंने टी आई रमेश शाक्य से की गई कार्यवाही की जानकारी ली , शाक्य द्वारा बताया गया कि एफ्आईआर हो चुकी है अब वे पी एस टी एन निकाल रहे हैं। विधायक प्रदीप अग्रवाल ने आगे कहा कि यह धार्मिक मामला है मंदिर से आसपास के 10 गांवों के लोगों की आस्था जुड़ी हैं यहाँ हर रविवार को मेला लगता है लोगों की आस्था आहत न हो इसलिये पुलिस प्रशासन , एवं जिला प्रशासन मिलकर संयुक्त रूप से कार्यवाही कर दोषियों का पर्दाफाश कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ा दंड दिलाने का काम करें ताकि भविष्य में कोई ऐसी गुस्ताखी करने की हिम्मत ना कर सके। इस अवसर पर तहसीलदार दीपक यादव,, चौकीदार लोकेंद्र कर्ण, तथा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बोर्ड परीक्षा में टॉपर छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़, 29 अप्रैल। एकीकृत हाई स्कूल भड़ोल में कक्षा छठवीं एवं नवमीं नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रीति सुनील यादव उपस्थित रहे , कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य प्रदीप गोस्वामी ने की ! आयोजित कार्यक्रम से पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पमाल्यपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ! इसी के साथ कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा 2026 में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र अक्षांश पाठक 92: सहित इस विद्यालय से प्रथम श्रेणी सभी टॉपर छात्र-छात्राओं का सरपंच एवं संस्था प्राचार्य ने शील्ड प्रमाण पत्र के साथ माला एवं मैडल पहनकर सम्मानित किया !

तथा ग्राम के प्रबुद्ध जनों में राघवेंद्र सिंह जाटव सहित छात्र-छात्राओं के साथ आए पालको का भी फूल माला पहनकर सम्मान स्वागत किया इस अवसर पर प्राचार्य प्रदीप गोस्वामी ने विद्यालय के निरंतर नवाचार के साथ विद्यालय की प्रगति शीलता के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया

शासन की निशुल्क साइकिल निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं छात्रवृत्ति संबंधी योजनाओं की जानकारी उपस्थित सभी पलकों एवं . छात्रों के समक्ष रखी, तत्पश्चात छठवीं एवं नवमीं प्रवेशित छात्र - छात्राओं को निरू शुल्क साइकिल प्रदाय की गई ! साइकिल पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे इस अवसर पर प्रमुख रूप से .ग्राम पंचायत के सचिव सुनील पांचाल, उत्तम सिंह यादव सुमित यादव , सुनील यादव, भगवान सिंह जाटव व विद्यालय स्टाफ में श्रीमती अनीता गुप्ता, श्रीमती अनुराधा उपाध्याय, श्रीमती सुनीता जाटव, श्रीमती शिवांगी गुप्ता, सीताराम प्रजापति, मनमोहन सेन, कुमारी प्रीति मिश्रा, अक्षय वाल्मीकि सहित बडी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे !

जिला चिकित्सालय में मरीजों और उनके परिजनों को कराया भोजन

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। आज जिला अस्पताल दतिया में परमपूज्य संत दूध खो सरकार, परमहंस आश्रम श्री रेडा सरकार के आशीर्वाद एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री आदरणीय दादा डॉ नरोत्तम मिश्रा के सानिध्य में ष् माई की रोटी समिति के सदस्यों द्वारा बुधवार को सातवां विशाल भंडारा कराया गया ।जिसमें जिला अस्पताल दतिया में दूर दराज के गांव से इलाज कराने आने वाले मरीजों एवं उनके साथ आए परिजनों ने स्वादिष्ट ताजा भोजन प्रसादी ग्रहण की ।

समिति द्वारा प्रतिमाह

अस्पताल में भंडारा कराया जाता है ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को समय पर निशुल्क भोजन मिल सके ।समिति के सदस्यों में प्रमुख रूप से पार्षद किरन टिलवानी, रोशन शुक्ला, विनीत विश्वकर्मा, नर्सिंग ऑफिसर सुश्री रीना घोष, रमाकांत दांगी नित्य गुर्जर, मंचल त्रिपाठी ,अखिलेश शर्मा, नीरज शर्मा, मोनू यादव सरपंच रावरी, संदीप तिवारी पटवारी, प्रदीप शर्मा बृजेश शर्मा सोनू दुबे गोलपुरा, सुनील शर्मा, सोमेश भार्गव अतुल दीक्षित एवं पार्षद बृजेश दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार ने सभी ग्रामों का विकास किया है : कुशवाहा

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दतिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चितवा रावतपुर को एक नई सौगात दी ग्राम पंचायत चितवा रावतपुरा में 25 लाख रुपए की लागत से आदिवासी डेरा के लिए बनने वाली पुलिया निर्माण की मंजूरी दिलाई इसी के उपलक्ष में आदिवासी डेरा के लिए 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया का भूमि पूजन किया भूमि पूजन के पश्चात ग्राम वासियों ने मंच पर उपस्थित अतिथियों का शाल श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा ने कहा आपके लाडले नेता प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ

ग्राम रावतपुरा में पुलिया निर्माण के कार्य का हुआ भूमि पूजन

नरोत्तम मिश्रा दिन रात दतिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों की चिंता करते हैं कि हमारे क्षेत्र के ग्रामों का विकास कैसे हो हर ग्राम में पेयजल व्यवस्था हो हर ग्राम के लिए सड़क हो हर ग्राम में स्कूल हो हर ग्राम की गलियों में सीसी रोड हो हर ग्राम में बिजली व्यवस्था हो और हर ग्राम का स्वच्छ वातावरण वह इसलिए की ग्राम जब इन सभी सुविधाओं से जुड़ जाएंगा तो वह आदर्श ग्राम कहलाएंगा पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दतिया विधानसभा क्षेत्र और जिले के सभी ग्रामों का बढ़ चढ़कर विकास किया है आज ग्रामों में लगता है की जो सुविधा शहर में वह सुविधा अव ग्रामो में भी है इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

सावधानी ही जीवन रक्षा का सबसे बड़ा उपाय है : माहौर

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें क्योंकि सावधानी ही जीवन रक्षा का सबसे बड़ा उपाय है। उक्त बात जिगना थाना प्रभारी रचना माहौर ने चेकिंग अभियान के तहत कही।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और दो पहिया वाहन चालको की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंकुश लगाने और लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के से जिगना पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की। पुलिस ने नियमों के पालन न करने पर बना चालान अभियान के दौरान तेज गति, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, गलत दिशा में चलना, ओवरलोडिंग तथा बिना रजिस्ट्रेशन और फिटनेस के वाहनों पर विशेष कार्रवाई के दौरान 15 वाहनों चालकों के काटे चालान,5हजार 200 रुपये जुर्माना वसूला गया ।वाहन चेकिंग कर नियमों का पालन न करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी। थाना प्रभारी

रचना माहौर ने नियमों के पालन की सलाह दे रहे हैं ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। और आम जनता से अपील की है कि, वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और नाबालिगों को वाहन न सौंपें ।सुरक्षित यात्रा ही जीवन की सुरक्षा है और जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उदेश्य वाहन चालको में हेलमेट पहनने की आदत विकसित करना तथा दुर्घटनाओं में होने वाली मौतो को कम करना है। लोगों को समझाइस देकर हेलमेट पहुनने के लिए प्रेरित किया गया।

राजकुमार श्रीवास्तव पूर्व एवं रवि राजपूत पश्चिम मंडलम अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

सेवढ़ा, 29 अप्रैल। सेवढ़ा विधानसभा क्रमांक 20 अंतर्गत संगठनात्मक मजबूती और मंडल स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से कांग्रेस ने 17 मंडलम अध्यक्षों की सूची जारी की गई है। जिला दतिया अंतर्गत विभिन्न ब्लॉकों और मंडलमों में नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची में विधानसभा मुख्यालय सेंबढ़ा नगर को दो मंडलों में विभाजित किया गया है, दोनों के ही अध्यक्ष एडवोकेट बने हैं। पूर्व की जिम्मेदारी राजकुमार श्रीवास्तव एवं पश्चिम की रवि राजपूत को दी गई है। पूर्व विधायक घनश्याम सिंह की अनुशंसा पर कांग्रेस के महामंत्री प्रभारी संगठन, संजय कामले द्वारा जारी सूची के अनुसार सेंवढ़ा ब्लॉक के कसेरूआ मंडलम में रघुराज सिंह परिहार, डिरोलीपार में रामहंस कुशवाहा, सेंवढ़ा पूर्व में राजकुमार श्रीवास्तव, सेंवढ़ा पश्चिम में रवि राजपूत, नहला में विजय बहादुर शर्मा तथा देभई में हुनेन्द्र प्रताप सिंह गुर्जर को मंडलम अध्यक्ष बनाया गया है। थरेट ब्लॉक अंतर्गत भगुवापुरा में जीतेन्द्र सिंह राजपूत, थरेट में रामनरेश पटेल, सेंगुवा में राजू यादव, कुदारी में उत्तम केवट तथा कुलैथ में वेदराम बघेल को जिम्मेदारी दी गई है। इंदरगढ़ ब्लॉक में इंदरगढ़ पश्चिम से नारायण सिंह जाटव, इंदरगढ़ पूर्व से उमाशंकर कुशवाह, पडरी से अनिल राजपूत, ररूआराय से राघवेन्द्र सिंह कमरिया, जुझारपुर से रणवीर सिंह रावत तथा लांच से अखलेश दुबे को मंडलम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि नव नियुक्त मंडलम अध्यक्ष क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए।

पराली जलाने के मामले में किसान पर अपराध पंजीबद्ध

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। कलेक्टर स्वप्रिल वानखड़े के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन कर पराली जलाने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी किसान के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

थाना दुरसड़ा में दर्ज एफ्आईआर के अनुसार ग्राम चरखरा निवासी किसान कालीचरण पुत्र सीताराम दांगी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्रकरण कायम किया गया है ।प्रकरण के अनुसार, कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में परालीध्नरवाई जलाना पूर्णत:प्रतिबंधित है। इसके बावजूद 27 अप्रैल को हल्का पटवारी की जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित किसान द्वारा सर्वे नंबर 116ध्2 एवं 805ध्1 स्थित खेत में गेहूं की पराली में आग लगाई गई ।इस घटना के चलते आसपास के खेतों की नरवाई जल गई तथा अन्य किसानों के खेतों में रखा भूसा और पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंचा। मौके पर घटना का फोटो एवं वीडियो साक्ष्य संकलित कर पंचनामा एवं रिपोर्ट तैयार की गई ।पटवारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट और तहसील कार्यालय से प्राप्त पत्र के आधार पर थाना दुरसड़ा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे पराली न जलाएं और शासन के निर्देशों का पालन करें, अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखड़े द्वारा आदेश जारी कर फोटो निर्वाचक नामावली के कार्य एवं निर्वाचन संबंधी अन्य समस्त कार्यो को समयावधि में सम्पन्न कराये जाने हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 सेवढ़ा सेवढ़ा, 21 भाण्डेर एवं 22 दतिया के लिए विभिन्न अधिकारियों को क्षेत्रवार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है।

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने पर तीन ट्रेक्टर ट्रॉली जप्त

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर नकेल कसने कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े के निर्देशन में जिला प्रशासन और खनिज विभाग लगातार सख्त कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में विगत एक ट्रेक्टर ट्रॉली जप्त कर पुलिस थाना सिविल लाईन दतिया की अभिरक्षा में खड़ा किया एवं आज बुधवार को दो ट्रेक्टर ट्रॉलीयों को जप्त कर पुलिस थाना इन्दरगढ़ एवं पुलिस थाना सिविल लाईन दतिया की अभिरक्षा में खड़ा किया ।यह कार्यवाही जिला खनिज अधिकारी के नेतृत्व में खनिज उड़नदस्ता दल प्रभारी के द्वारा की गई ।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफअभियान सतत रूप से जारी रहेगा और भविष्य में भी इसी प्रकार की कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बिलहारी में शुरू हुई बॉलीवुड फिल्म 'शक्तिशालिनी' की शूटिंग

नवभारत न्यूज

दतिया, 29 अप्रैल। जिले के खूबसूरत लोकेशन्स अब सिने जगत को तेजी से आकर्षित कर रहे हैं। ग्राम बिलहारी में इन दिनों बॉलीवुड फिल्म 'शक्तिशालिनी' की शूटिंग चल रही है, जिसका निर्देशन निर्माता आदित्य सर्पोत्तदार कर रहे हैं। इससे पहले भी दतिया किला परिसर और रामलला असनई क्षेत्र में प्रकाश झा की 'जनादेश' और राज कुंद्रा की 'द ग्रेट पंजाब रॉबरी' जैसी फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। लगातार बढ़ रही फिल्म गतिविधियों से स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिल रहा है।

इस फिल्म में लाइन प्रोड्यूसर लालू राजावत हैं, जबकि स्थानीय कलाकार शंभू राजा परमार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे, जो पहले कई प्रोजेक्ट्स में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। इस दौरान सिने प्रेमियों, कलाकारों प्रड्यूसर के साथ बड़ौनी थाना प्रभारी दिनेश राजपूत भी मौजूद रहे और लोकेशन की जानकारी दी एवं सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई।